D.A.V. PUBLIC SCHOOL,THANE
SESSION: 2022-2023
PERIODIC TEST – I (SET-B)
SUBJECT: HINDI

STD : VIII **Max.Marks : 20**
DATE: 19/07/2022 **TIME : 45 Mins**

सामान्य निर्देश -

१. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं |

२. दोनों खंड अनिवार्य हैं |

३. प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए |

खंड- क

प्रश्न १. पठित पद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (५ अंक)

एक अकेला ताँगा था दूरी पर

कोचवान की काली-सी चाबुक के बल पर वो बढ़ता था

घूम-घूम जो बलखाती थी सर्प सरीखी

बेदर्दी से पड़ती थी दुबले घोड़े की गरम पीठ पर

भाग रहा वह तारकोल की जली अँगीठी के ऊपर से ।

१. प्रस्तुत पद्यांश में 'जली अँगीठी' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

क. सड़क के लिए ख. घोड़े के लिए ग. चाबुक के लिए घ. ताँगे के लिए

२. चाबुक कैसी है ?

क. सफ़ेद-सी ख. पीली-सी ग. नीली-सी घ.काली-सी

३. 'सर्प' शब्द का पर्यायवाची होगा-

क. सूर्य ख. साँप ग. थल घ. जल

४. 'बेदर्दी से पड़ती' का क्या आशय है?

क. निर्दयता से लगना ख. कुछ न होना ग. आराम मिलना

घ. तपन महसूस होना

५. प्रस्तुत पद्यांश में 'दुबला' विशेषण किसके लिए प्रयुक्त किया गया है ?

क. कोचवान के लिए ख. घोड़े के लिए ग. सर्प के लिए घ. अँगीठी के लिए

प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप (दो-तीन पंक्तियों) में लिखिए- (कोई -३) (६अंक)

क. मन में ईर्ष्या का भाव उत्पन्न ही न हो इसके लिए हमें क्या करना चाहिए ?

ख. दारा के पास जो बक्सा था, उसमें वह क्या रखता था और क्यों ?

ग. लेखक पड़ोसी के प्रति अपनी उदारता का परिचय किस प्रकार देते थे ?

घ. महिलाएँ पड़ोसी धर्म निभाने का सिलसिला कहाँ से शुरु करती हैं और कहाँ ख़त्म करती थीं ?

खंड-ख

प्रश्न ३. व्याकरण - निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -

१. 'निद्रा' तत्सम शब्द का उचित तद्भव शब्द कौन-सा होगा? (१)

क. निंद ख. सोना ग. नींद घ. नीद्रा

२. 'आम' तद्भव शब्द का उचित तत्सम शब्द कौन-सा होगा? (१)

क. अंबा ख. आम्र ग. अनार घ. आमर

३.'आदान' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है? (१)

क. अ ख. आ ग. दान घ. आदा

४.'मूर्खता' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है? (१)

क. खता ख. तआ ग. ता घ. तता

प्रश्न ४. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए - (५ अंक)

१. मेरे आदर्श 'महात्मा गाँधी' २. सच्चाई एक नैतिक मूल्य ३. पुस्तकालय का महत्त्व